# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
# National Institute of Open Schooling

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An autonomous organization under Ministry of Education, Govt. of India)
**A–24-25, Institutional Area, Sector-62, NOIDA, Uttar Pradesh - 201309**

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) निम्नलिखित **समूह 'ए'** पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्र. सं | पद का नाम | वेतन मैट्रिक्स के वेतन | पदों की संख्या | भर्ती का माध्यम | आरक्षित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | सचिव | स्तर – 13 (₹123100-215900) | एक (01) | प्रतिनियुक्ति | लागू नहीं |

**1. सचिव – प्रतिनियुक्ति पर**

**शैक्षिक और अन्य योग्यताएं/अनुभव**

(क) अखिल भारतीय सेवाओं और संगठित समूह 'ए' सेवाओं से नियमित आधार पर अनुरूप पदों पर हों अथवा वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर—12 के वेतनमान में (7वें वेतन आयोग के अंतर्गत संशोधित ₹78800-209200) (6ठे वेतन आयोग के अनुसार पूर्व-संशोधित ₹15600-39100 + ग्रेड पे ₹7600 पे बैंड-3) अथवा (पूर्व संशोधित से पहले ₹12000-375-16500) में 05 वर्षों की नियमित सेवा की हो और उन्हें :

(i) प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी मामलों, वित्त और लेखा तथा कानूनी मामलों से संबंधित भारत सरकार के नियमों और विषयों का ज्ञान हो।

(ii) हिंदी/अंग्रेजी और कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो।

**ऐसा न होने पर**

(ख) सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्त निकायों अथवा संस्थाओं के नियमित आधार पर अनुरूप पदों पर पदस्थ अधिकारीगण हों अथवा वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर—12 के ग्रेड में (7वें वेतन आयोग के अंतर्गत संशोधित ₹78800-209200) (6ठे वेतन आयोग के अनुसार पूर्व-संशोधित ₹15600-39100+ग्रेड पे ₹7600 पे बैंड-3) अथवा (पूर्व संशोधित से पहले ₹12000-375-16500) में 05 वर्षों की नियमित सेवा की हो और उन्हें :

(i) प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी मामलों, वित्त और लेखा तथा कानूनी मामलों से संबंधित भारत सरकार के नियमों और विषयों का ज्ञान हो।

(ii) हिंदी/अंग्रेजी और कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो।

**वांछनीय :**

(i) 55% अंकों के साथ द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री

अथवा

(ii) प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा

**आयु :** अंतिम तिथि पर 56 वर्ष से अधिक न हो।

**सामान्य शर्तें**

1. आवेदन www.nios.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन द्वारा जमा किए जाएं। किसी अन्य माध्यम से जमा किए जाने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
2. आवेदकों को अपने आवेदन फॉर्म की हार्ड प्रति जमा करने की आवश्यकता **नहीं** है।
3. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **रोजगार समाचार** में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30वें दिन** है।
4. आवेदकों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले, विज्ञापन के सभी निर्देश और आवेदन करने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
5. उम्मीदवारों की एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी होना आवश्यक है। इस भर्ती की अवधि के दौरान इसे सक्रिय रखा जाए। यदि किसी उम्मीदवार की वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी नहीं है, तो वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ईमेल आईडी बना लें।
6. उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पर निर्धारित लिंक के माध्यम से आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसका विवरण इस प्रकार हैः

   | | | |
   |---|---|---|
   | (क) | सामान्य और अन्य पिछड़े वर्ग श्रेणी | – ₹1500/- ग्रुप 'ए' पद के लिए |
   | (ख) | सामान्य और अन्य पिछड़े वर्ग श्रेणी | – ₹1200/- ग्रुप 'बी' पद के लिए |
   | (ग) | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | – ₹750/- ग्रुप 'ए' और 'बी' पद के लिए |
   | (घ) | ई डब्ल्यू एस | – ₹750/- ग्रुप 'ए' पद के लिए |
   | (ड.) | ई डब्ल्यू एस | – ₹600/- ग्रुप 'बी' पद के लिए |

   टिप्पणी : प्रत्येक ऑनलाइन ट्रांसैक्शन के लिए ₹50/- ऑनलाइन प्रोसेसिंग शुल्क (आवेदन शुल्क के अतिरिक्त) लिया जाएगा। यद्यपि **न्यूनतम 40% अक्षमता वाले पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।** एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। निर्धारित शुल्क के बिना जमा किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। रद्द किए गए ऐसे अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. विभिन्न पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यताएं, आयु सीमा आदि) निर्धारित करने की निर्धारक तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी। आवेदन करने से पहले, आवेदक आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अपनी योग्यता सुनिश्चित कर लें।
8. उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे पद के लिए दी गई अंतिम तिथि से पहले समय रहते अपना आवेदन जमा करें ताकि इंटरनेट/वेबसाइट जैम पर हैवी लोड होने के कारण एनआईओएस वेबसाइट पर लॉगइन करने के दौरान होने वाली डिस्कनेक्टिविटि/असमर्थता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके। उपर्युक्त कारणों से या एनआईओएस के नियंत्रण से परे किन्हीं अन्य कारणों से अंतिम तिथि के अंदर आवेदन जमा करने में सक्षम न होने वाले उम्मीदवारों के लिए एनआईओएस कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।
9. आवेदन फॉर्म में उम्मीदवार का नाम और उसके पिता/माता/पति आदि का नाम प्रमाणपत्रों/अंकतालिकाओं में लिखी वर्तनी के अनुसार सही ढंग से लिखा जाना चाहिए। कोई भी परिवर्तन पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
10. उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त योग्यताएं पूर्ण रूप से अधिसूचित/निर्धारित योग्यताओं के अनुसार होनी चाहिए। अधिसूचित/निर्धारित योग्यताओं के समकक्ष योग्यता का दावा करने वाले उम्मीदवार, दस्तावेज़ सत्यापन/साक्षात्कार के समय अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज़ी साक्ष्य प्रस्तुत करें, अन्यथा ऐसे मामलों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। इसी तरह, अंकतालिकाओं में जहां ग्रेड दिए गए हैं, वहां दस्तावेज़ सत्यापन/साक्षात्कार/चयन के समय समकक्ष प्रतिशत अंक दर्शाने वाली अंकतालिकाओं की स्थिति प्रस्तुत की जानी चाहिए।
11. जिन उम्मीदवारों ने अंतिम तिथि तक शैक्षिक योग्यता प्राप्त नहीं की/नहीं कर सकेंगे, वे पात्र नहीं होंगे और वे आवेदन न करें।
12. यदि आवेदक वर्तमान में राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालयों आदि में कार्यरत हैं, जहां वेतनमान केंद्र सरकार के वेतनमानों के समान नहीं हैं, तो उम्मीदवार को राजपत्र अधिसूचना/सरकारी आदेश प्रस्तुत करना होगा, जिसमें राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि के ऐसे वेतनमानों को केंद्र सरकार में 7वें

केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार समतुल्य वेतनमान/स्तर प्रदान किया गया है। इस संबंध में, ऐसे समतुल्य दस्तावेज़ प्रदान करने का दायित्व आवेदक का होगा और ऐसे मामलों में एनआईओएस का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।

13. इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार ये दस्तावेज़ अवश्य जमा करें : (i) सतर्कता क्लीयरेंस (ii) पिछले 05 वर्षों के एसीआर जिनका प्रत्येक पृष्ठ समूह 'ए' के राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया हो (iii) पिछले 10 वर्षों में छोटे/बड़े दंड का गैर-अधिरोपण प्रमाणपत्र (दंड की सूची, यदि लगाया गया हो) (iv) अनापत्ति प्रमाणपत्र कि यदि उनका चयन होता है तो उन्हें तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यमुक्त किया जाएगा।

14. आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है। ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि, अनुभव, अनापत्ति प्रमाणपत्र (वर्तमान नियोक्ता से, यदि काम कर रहे हैं) के सहायक प्रमाणपत्रों की प्रतियां, स्कैन किए गए हस्ताक्षर और पासपोर्ट आकार के फोटो आदि अपलोड करें। संबंधित प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियों, हस्ताक्षर और पासपोर्ट आकार के फोटो के बिना जमा किए गए आवेदन स्क्रीनिंग प्रक्रिया में ही अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अपलोड किए गए प्रमाणपत्र पढ़ने योग्य और स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए।

15. प्रमाणपत्र में किसी प्रकार की विसंगतियां पाए जाने पर अथवा गलत प्रमाणपत्र अपलोड करने पर आवेदन अयोग्य कर दिए जाएंगे। अनुभव प्रमाणपत्र में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, पद त्यागने की तिथि और वेतनमान आदि स्पष्ट रूप से दर्शाए जाने चाहिए। यदि स्क्रीनिंग कमेटी को उम्मीदवार द्वारा किए गए दावे के अनुसार अनुभव के वर्षों के लिए दस्तावेज़ी साक्ष्य प्राप्त नहीं होते हैं, तो अनुभव की ऐसी अवधि को शून्य माना जाएगा।

16. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने के बाद किसी भी संशोधन की अनुमति नहीं है। यदि उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरे गए डाटा/जानकारी और मूल शंसापत्रों में कोई विसंगतियां पाई जाती हैं, तो उनकी पात्रता अस्वीकार कर दी जाएगी।

17. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सभी विवरण सावधानी से भरें। किसी भी तरह से अधूरे आवेदनों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा। इस प्रकार रद्द किए गए आवेदनों से संबंधित किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

18. आवेदन करते समय प्रमाणपत्रों की सुस्पष्ट और स्कैन की गई प्रतियों के साथ ऊपर उल्लिखित आवश्यक अन्य दस्तावेज़ समय रहते जमा करें। यदि प्रमाणपत्र अंग्रेजी अथवा हिंदी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में हैं तो उनका सत्यापित अनुवाद अपलोड किया जाना चाहिए।

19. अन्य पिछड़े वर्ग के जो उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' से संबंधित हैं, वे अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणी के लिए स्वीकार्य छूट के हकदार नहीं हैं। केवल उन्हीं अन्य पिछड़े वर्ग की श्रेणियों पर विचार किया जाएगा जो केंद्र सरकार के अंतर्गत नियुक्ति के लिए लागू हैं। ऐसे उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित होने का दावा करते हैं, वे अपने दावे के समर्थन में, नियमों के अंतर्गत प्रदत्त उपयुक्त जारीकर्ता प्राधिकारी से प्रमाणपत्र की एक प्रति जमा करें।

20. निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं न्यूनतम आवश्यकताएं हैं और इन्हें पूरी करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाता। यदि विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है, तो सभी उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाना सुविधाजनक अथवा संभव नहीं होगा। इसलिए, एनआईओएस संस्थान की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार कुछ निर्धारित मानदंडों के आधार पर लघु सूची तैयार कर चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उचित सीमा तक सीमित कर सकता है।

21. उम्मीदवारों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर साक्षात्कार के लिए उनकी लघू सूची तैयार की जाएगी। एनआईओएस द्वारा दिए गए विज्ञापन के अनुसार योग्यता मानदंड के संबंध में अपनी पात्रता सिद्ध करने की पूरी जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

22. वर्तमान में केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों/विश्वविद्यालयों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति/काडर कीलियरंस प्रमाणपत्र प्रदान करना अनिवार्य है। वर्तमान नियोक्ता उनकी सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित करें।

23. जहाँ कहीं परिस्थितिवश आवश्यकता हो, एनआईओएस इस प्रकार के पदों के लिए लिखित/व्यावसाय/कौशल परीक्षा का आयोजन करने अथवा न करन अथवा पदों की संख्या और निर्धारित उच्चतर स्तर पर भी प्राप्त आवेदनों की लघु सूची तैयार करने के लिए एक मापदण्ड निश्चित करने के लिए एक स्क्रीनिंग समिति का गठन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

24. एनआईओएस के पास बिना कोई कारण बताए पदों को भरने, पदों को न भरने या विज्ञापन को पूर्णत: या आंशिक रूप से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। एनआईओएस लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले

उम्मीदवारों की कुल संख्या की उचित सीमा निर्धारित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। इस संबंध में एनआईओएस का निर्णय अंतिम होगा।

25. एनआईओएस साक्षात्कार के समय निकलने वाले अतिरिक्त पदों सहित परिणामी रिक्तियों को उपलब्ध उम्मीदवारों में से सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति/संविदा द्वारा भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
26. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करते समय कोई कठिनाई होने पर (अन्य पूछताछ के लिए नहीं), कृपया recruitmentcell@nios.ac.in पर ईमेल करें।
27. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य के संदर्भ हेतु पावती अपने पास रखें और जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट लें।
28. एनआईओएस द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले अथवा बाद में, किसी भी समय उम्मीदवार की पात्रता का सत्यापन किया जा सकता है। यहां तक कि यदि किसी उम्मीदवार को आवेदन फॉर्म में जानकारी के अभाव में या किसी अन्य कारण से साक्षात्कार पत्र भी जारी कर दिया जाता है और यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है (पद ग्रहण करने की तिथि और उसके बाद भी) कि उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो उनकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी।
29. इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवार को साक्षात्कार के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए नियमित रूप से अपने मेल देखते रहने की सलाह दी जाती है। एनआईओएस को उम्मीदवार के साथ ई-मेल द्वारा पत्राचार करने तथा डाक द्वारा पत्राचार न करने का पूर्ण अधिकार है।
30. उम्मीदवारों से, साक्षात्कार के परिणाम और उन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जाने के कारणों के संबंध में किसी पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
31. उम्मीदवार द्वारा अमान्य/गलत ई-मेल आईडी प्रदान करने अथवा भेजे गए ई-मेल के खो जाने के लिए एनआईओएस जिम्मेदार नहीं होगा। उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक दी गई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर को सक्रिय रखें।
32. एनआईओएस प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर किसी भी शर्त/दिशानिर्देशों में संशोधन/बदलने/हटाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
33. इस भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी और इसलिए, उम्मीदवारों को समय-समय पर एनआईओएस की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।
34. विज्ञापन में किसी प्रकार के आशोधन/संशोधन/निर्देश केवल एनआईओएस की वेबसाइट पर ही दिए जाएंगे। उम्मीदवारों को समय-समय पर अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से वेबसाइट (www.nios.ac.in) देखने की सलाह दी जाती है।
35. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।
36. किसी प्रकार का प्रसार करने और बाहरी प्रभाव डालने पर उम्मीदवार को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
37. इस भर्ती से संबंधित सभी विवादों का निपटान एनसीटी, दिल्ली न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में किया जाएगा।

**सचिव**